


## एक नजर में

### जब ग्राम का उदय होगा, तभी प्रदेश और देश का अभ्युदय होगा

**नलखेड़ा, 19 जनवरी.** मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल शास. महाविद्यालय में विधिवत सरस्वती पूजन एवं अतिथि सम्मान कर किया गया. कार्यक्रम विकासखंड समन्वयक प्रकाश शर्मा के द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के बारे में जानकारी दी. विशेष अतिथि अरविंद परमार उद्यानिक विभाग ने अपने उद्बोधन में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अंतर्गत लघु इकाइयां स्थापित करने जैसे आटा चक्की, तेल मिल, संतरा प्रसंस्करण इकाई इत्यादि के बारे में जानकारी दी. विशेष अतिथि गोविंद विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में सामाजिक समरसता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में सभी को सामूहिक रूप से भागीदारी करना चाहिए, कोई छोटा बड़ा ना रहे, इस भाव के साथ समाज में एकरूपता के साथ कार्य करना चाहिए. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. सुखदेव बैरागी ने कहा कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सरकार के मध्य सेतु का कार्य करते हैं. जब ग्राम का उदय होगा तभी प्रदेश और देश का अभ्युदय होगा. उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य परिषद् की नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों तक पहुंचाकर यह सुनिश्चित करना है कि योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ अंतिम पात्र हितग्राही तक पहुंचे. अभियान में ग्राम स्तर पर उत्सव, चौपाल, रैली, सामूहिक श्रमदान और परिवार संपर्क गतिविधियों का आयोजन कर सभी की सहभागिता हो इस पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश चौहान ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता के द्वारा शासन की योजनाओं को प्रचार-प्रसार हेतु ग्राम में अपने सक्रिय भूमिका निभाते हैं. आत्मनिर्भर भारत पर प्रकाश डालते हुए चौहान ने कहा है. कार्यक्रम का संचालन महेश पाटीदार ने किया. आभार परामर्शदाता बलराम सिंह सिसोदिया ने व्यक्त किया. कार्यक्रम में नवांकुर संस्था, परामर्शदाता बलराम सिंह सिसोदिया, संतोष राठौर, सुरेश कुमार दासावत, नरेंद्र नागर एवं प्रस्फुटन समितियां, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

### अनूभूति कैम्प में दिखा पर्यावरण प्रेम, बच्चों ने बनाई आकर्षक मानव श्रृंखला



**शाजापुर, 19 जनवरी.** दुपाड़ा रोड स्थित वनमण्डल शाजापुर अन्तर्गत अनुभूति कार्यक्रम की श्रंखला में ईको अनुभूति केम्प का आयोजन किया गया. जहां बच्चों को पर्यावरण का महत्व बताने के साथ ही इसके संरक्षण की शपथ दिलाई गई. सोमवार को इस अनुभूति कैम्प में शासकीय उमावि विवेकानन्द भरड, उमावि सतगांव एवं ज्योतिनगर के विद्यार्थी शामिल हुए. इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अरूण भीमावद, विशेष अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष पं. आशीष नागर व शैलेंद्र पायलेट ने शामिल होकर बच्चों को प्रोत्साहित किया और इस कैंप में बच्चों को किट बैग, पुस्तक व केप का वितरण किया. केम्प में मास्टर ट्रेनर पदम परमार वनरक्षक, परिक्षेत्र सहायक अशोकसिंह बघेल द्वारा बच्चों को वन एवं वन्यप्राणियों से अवगत करवाकर अनुभूति करवाई गई. अंत में बच्चों को वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा करने की शपथ दिलवाई गई.

**बच्चों को बताया पर्यावरण का महत्व**

इस कैंप में वन मंडलाधिकारी हेमलता शाह,उप वनमण्डलाधिकारी शाजापुर एफएस निनामा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी शाजापुर पुष्पलता मौर्य द्वारा बच्चों को जंगल की अनुभूति कराई गई. केम्प में शाजापुर के शासकीय स्कूलों के 120 बच्चे सम्मिलित हुए. जिन्होंने बच्चों को प्राकृतिक चीजों के बारे में विस्तार से बताया और इस दौरान बच्चों को प्लास्टीक का उपयोग ना करते हुए पेड़ों की पत्तियों से बनी थाली में भोजन कराते हुए प्रदूषण को रोकने हेतु जागरूक किया गया.

### गणतंत्र दिवस की तैयारियां शुरू, स्टेडियम में शुरू हुई पुलिस और बच्चों की रिहर्सल



**शाजापुर, 19 जनवरी.** नगर में 26 जनवरी को मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में है. जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम के लिए स्कूली बच्चों और पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार रिहर्सल की जा रही है. रिहर्सल में 800 से अधिक स्कूली बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं. वे पीटीए सामूहिक व्यायाम और कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अभ्यास कर रहे हैं. बच्चों का उद्देश्य गणतंत्र दिवस पर अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को सफल बनाना है. इसी क्रम में पुलिस प्रशासन भी परेड और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर अभ्यास कर रहा है. पुलिस जवान कदमताल, सलामी और अनुशासन का प्रदर्शन कर रहे हैं. कार्यक्रम की गरिमा बनाए रखने और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है. प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी शाजापुर जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल होंगे.

### सड़क पर खड़े मवेशियों से टकराई कार, हादसे में चार लोग घायल

**शाजापुर, 19 जनवरी.** जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अभयपुर गांव के पास नेशनल हाईवे 52 पर सोमवार सुबह 11 बजे एक सड़क हादसा हुआ. सड़क पर अचानक आवारा मवेशी आ जाने से एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गया. इस हादसे में वाहन सवार चार लोग घायल हो गए. घायलों की पहचान बच्चा श्याम, सलोनी, धापू बाई और बलराम के रूप में हुई है. ये सभी पीर खेड़ी से इंदौर के पास स्थित राजपुरा अपने घर जा रहे थे. जानकारी के अनुसार जैसे ही उनका वाहन अभयपुर गांव के पास पहुंचा सामने अचानक मवेशियों का झुंड आ गया. मवेशियों को बचाने के प्रयास में चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सीधे बिजली के खंभे से जा टकराया. हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची. घायलों को तत्काल उपचार के लिए शाजापुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है. सुनेरा थाना प्रभारी अंकित मुकाती ने बताया कि घायलों के बयान दर्ज करने के बाद मामले की जांच की जाएगी.

### यू टर्न लेने के दौरान अनियंत्रित हुई कार

**शुजालपुर, 19 जनवरी.** सिटी-मंडी मार्ग स्थित अकोदिया नाके पर रविवार की रात को यू टर्न लेने के दौरान एक कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पर चढ़कर आंशिक रूप से पलट गई, यह दुर्घटना रात लगभग 10.15 बजे हुई. चौराहे पर मौजूद लोगों ने तत्काल कार को सीधा कर अंदर बैठे लोगों को सुरक्षित निकाला. कार नई थी और उस पर कोई नंबर नहीं लिखे हुए थे. साथ ही कार में बैठे लोगों के संबंध में अधिक जानकारी नहीं लग सकी. डिवाइडर पर कार चढ़ने के कारण वह लगी फेंसिंग एवं सीसीटीवी कैमरे का पोल क्षतिग्रस्त हुआ. कार के यू टर्न लेने के बाद डिवाइडर पर चढ़ने और पलटने का वीडियो चौराहे पर लगे कैमरे में भी कैद हुआ.

# फोरलेन और बड़े पुल के निर्माण की तैयारियां शुरू

## जून 2027 तक करना है फोरलेन निर्माण का काम पूरा, स्वीकृति के लिए भेजी बड़े पुल की डिजाइन



फोरलेन निर्माण के लिए बन रही पुलिया हेतु तैयार किया वैकल्पिक मार्ग

**शाजापुर, 19 जनवरी. वर्ष 2028 में जिला मुख्यालय से करीब 65 किमी दूर उज्जैन में महाकुंभ का आयोजन होगा. इसके लिए उज्जैन सहित इंदौर और आसपास के जिलों में तैयारियां शुरू हो गई हैं. तो जिला मुख्यालय पर भी अब फोरलेन निर्माण और बड़े पुल का निर्माण किया जाना है, जिसके लिए तैयारियां शुरू हो गई है. अधिकारियों ने बड़े पुल की डिजाइन को स्वीकृति के लिए भेज दिया है. उम्मीद जताई जा रही है कि जून 2027 तक फोरलेन का निर्माण भी पूरा कर लिया जाएगा.**

नगर के बीच से निकले हाईवे का फोरलेन निर्माण कार्य प्रगति पर है. इस मार्ग पर मां राजराजेश्वरी मंदिर के समीप चीलर नदी पर उच्च स्तरीय बड़े पुल का निर्माण किया जाना है. ऐसे में यहां बनने वाले बड़े पुल के डिजाइन को स्वीकृति के लिए भेजा गया है. डिजाइन स्वीकृत होने के पश्चात इसका काम आगे बढ़ाया जाएगा. बताया गया कि जून 2027 तक फोरलेन को पूरा करने के लिए समय सीमा तय की गई है. दरअसल, यहां बायपास का निर्माण होने के बाद शहरी हाईवे को फोरलेन करने के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर स्वीकृति मिलने के बाद 84.71 करोड़ रुपए की लागत से पूरे नगर के बीच से निकले शहरी हाईवे के 10 किमी मार्ग को फोरलेन निर्माण जारी है. जिससे यहां पर यातायात का दबाव कम होगा. सबसे पहले निर्माण एजेंसी द्वारा रोड की साइड क्लीयरेंस का कार्य किया जा रहा है. जहां भी झाड़ियां हैं, उन्हें हटाकर रास्ता साफ किया जा रहा है. इसके साथ ही इन स्थानों को समतल भी किया जा रहा है. जिससे मार्ग निर्माण में किसी प्रकार की बाधा नहीं आए.

### 104 फीट चौड़ा होगा फोनलेन...

अधिकारियों के अनुसार जिला मुख्य सड़क के पूरे फोरलेन निर्माण में मार्ग की चौड़ाई को 104 फीट ही रखा जाएगा. इसे कम या ज्यादा बिल्कुल नहीं किया जाएगा. अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने दोनों ओर 52-52 फीट पर निशान लगाए है. इस जद में जो भी अतिक्रमण या निर्माण है, उन्हें हटाया जाएगा. अधिकारियों के अनुसार पूरे फोरलेन का निर्माण 104 फीट की चौड़ाई से ही होगा. इसके लिए 18 माह की समयावधि तय की गई है. इसके अनुसार संबंधित निर्माण एजेंसी को इस फोरलेन का संपूर्ण निर्माण जून 2027 तक पूर्ण किया जाना है. बताया गया कि उज्जैन में सिंहस्थ के पहले इस मार्ग का पूर्ण निर्माण किया जाएगा.

### यथावत रहेंगे पुराने डिवाइडर, पूरे मार्ग का होगा निर्माण

हाईवे पर वर्तमान में जो डिवाइडर बने हुए हैं, उन्हें यथावत रखा जाएगा. इसके साथ ही पूरे 10 किमी के फोरलेन मार्ग के बीच में भी मिडियम डिवाइडर बनाएं जाएंगे. इन डिवाडर के बीच में पौधों का रोपण किया जाएगा. अधिकारियों के अनुसार फोरलेन का निर्माण बड़े शहरों के फोरलेन की तरह ही किया जाएगा. इसके बीच में पौधे भी बड़े शहरों की तर्ज पर ही लगाए जाएंगे.



माता मंदिर के पास बड़ी पुलिया की जगह बनेगी उच्च स्तरीय पुलिया

### स्वीकृति मिलने के बाद शुरू होगा काम...

इधर, निर्माण एजेंसी द्वारा कोतवाली थाने के समीप और कृषि उपज मंडी के समीप दो पुलिया का भी निर्माण किया जाएगा. इसके लिए दोनों स्थानों पर वैकल्पिक मार्ग का निर्माण किया जाकर दोनों पुलियाओं का काम प्रारंभ किया गया है. इधर, मां राजराजेश्वरी माता मंदिर के पास स्थित पुल के स्थान पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण किया जाना है. वैसे तो अभी तक इसका काम आगे नहीं बढ़ा है. अधिकारियों का कहना है कि बड़े पुल के निर्माण के लिए अलग से स्वीकृति लेना होती है. ऐसे में स्वीकृति के लिए नया डिजाइन भेजा गया है. स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा.

**इनका कहना है**

*मां राजराजेश्वरी मंदिर के पास स्थित पुल बड़ा स्ट्रक्चर है. इसकी डिजाइन का अप्रूवल वरिष्ठ स्तर पर लेना होगा. इसके लिए रिपोर्ट तैयार करके भेजी गई है. जल्द ही इस पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा. पूरे फोरलेन की चौड़ाई 104 फीट ही रखी जाएगी. इसके कम या ज्यादा नहीं किया जाएगा.*

*- हर्षवर्धनसिंह मुवेल, ईई, पीडब्ल्यूडी-शाजापुर*

### तीन उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित, निर्माता कंपनियों को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस

**सोयतकलां, 19 जनवरी.** कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार लाइसेंस अथॉरिटी एवं उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विजय चौरसिया द्वारा उर्वरक गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर जिले के तीन उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं. जांच के दौरान उर्वरक नमूने अमानक पाए जाने पर मेसर्स शर्मा कृषि सेवा केन्द्र, सोयतकलॉ सुसनेर के एनपीकेएस (20:20:13) उर्वरक, निर्माता कंपनी मेसर्स कृष्णा फास्केम लिमिटेड, मेसर्स नैतिक ट्रेडर्स, डग रोड बड़ौद के सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक, निर्माता कंपनी मेसर्स कोरोमण्डल इंटरनेशनल प्रालि तथा मेसर्स बालाजी कृषि सेवा केन्द्र, बड़ौद के सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक, निर्माता कंपनी कोरोमंडल इंटरनेशनल प्रालि के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं. साथ ही संबंधित उर्वरक निर्माता कंपनियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 07 दिवस के भीतर उत्तर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं. निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में संबंधित निर्माता कंपनियों के विरुद्ध उर्वरक विक्रय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाएगी.

# तीन दिन से लापता युवक की लाश देख आक्रोशित हो गए ग्रामीण

## दो घंटे तक सड़क पर लेटकर हाईवे किया जाम, हत्या की जताई आशंका



**शाजापुर, 19 जनवरी. तीन दिन से लापता युवक की लाश सोमवार सुबह कुएं में तैरती मिली. मामले का लेकर पहले ही आशंका जता रहे ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और वे हाईवे पर पहुंच गए. जहां करीब दो घंटे तक ग्रामीणों ने सड़क पर लेटकर प्रदर्शन किया और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई. अंत मे पुलिसकर्मियों ने बमुश्किल ग्रामीणो को समझाईश देकर हाईवे से हटाया.**

जिले के सलसलाई थाना क्षेत्र के ग्राम तिंगजपुर में लापता युवक देवनारायण पिता भेरुलाल 22 का शव सोमवार सुबह एक कुएं में मिला. युवक शुक्रवार से लापता था. उसकी बाइक गांव के एक कुएं के पास लावारिस हालत में पाई गई थी. ग्रामीणों का आरोप है कि युवक की हत्या की गई है और पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया. इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सारंगपुर-सलसलाई स्टेट हाईवे 41 पर चक्का जाम कर दिया. वे पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे. थाना प्रभारी जनक सिंह रावत ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया. उन्होंने कहा कि पहले शव का पोस्टमार्टम कराया जाए, उसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी, लेकिन ग्रामीण उनकी बात मानने को तैयार नहीं हुए और अपनी मांगों पर अड़े रहे.

**यह था मामला...**

शुक्रवार को 23 वर्षीय युवक देवकरण पिता भेरूलाल अपने घर से बेरछा थाना अंतर्गत ग्राम लालाखेड़ी जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा. उसकी बाइक गुलाना रोड पर लावारिस हालत में मिली थी. देवकरण के भाई ने पुलिस को बताया था कि उसकी शुक्रवार शाम करीब 6.25 बजे उससे आखिरी बार बात की थी. देवकरण ने बताया था कि वह बोलाई पहुंच गया है.



कुछ देर बाद ओमप्रकाश ने दोबारा संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन देवकरण का मोबाइल बंद आने लगा. रात 9 बजे तक भी जब देवकरण घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई. इसके बाद ओमप्रकाश अपने भाई को ढूंढने के लिए गुलाना-बोलाई की ओर निकल गया. रात करीब 10 बजे उसे तिंगजपुर-गुलाना रोड पर संतोष मालवीय के कुएं के पास देवकरण की बाइक लावारिस हालत में मिली थी. परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों में उसकी तलाश कीए लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली. जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस की मदद ली.

### 12 बजे बाद खुला जाम, सुगम हुआ यातायात

हत्या का आरोप लगा रहे ग्रामीणों को पुलिस प्रशासन ने बार.बार समझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने कुछ शर्तें रखी और न्याय की मांग की. इस पर एसडीओपी बेरछा ने एक टीम गठित की है जो मामले की जांच करेगी. तहसीलदार ने कहा है कि जो भी मदद होगी, वह जरूर की जाएगी. तब कहीं जाकर ग्रामीण माने और जाम खत्म किया. लेकिन उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर 48 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो फिर से चक्का जाम किया जाएगा. उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है.

### एम्बुलेंस व स्कूली वाहनों को दिया रास्ता

हाईवे पर नारेबाजी कर जाम कर रहे ग्रामीणों ने इंसानियत भी दिखाई. जब प्रदर्शन के दौरान एक एम्बुलेंस वहां फंसी तो ग्रामीणों ने कुछ देर प्रदर्शन रोककर एम्बुलेंस को रास्ता दिया. कुछ देर बाद जब एक स्कूली वाहन आया तो ग्रामीणों ने उसे भी निकलने के लिए रास्ता दिया. वाहनों के जाते ही ग्रामीणों ने अपना विरोध जारी रखा.

### मजदूरी पर पल रहा था परिवार, पुलिस ने नहीं की परिवार की मदद...

ग्रामीण पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगाते रहे और कहते रहे कि हमें न्याय चाहिए. गरीब परिवार का युवक था, अभी शादी भी नहीं हुई थी. पूरा परिवार मजदूरी कर चलता था. ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने समय रहते युवक को ढूंढने की कोशिश नहीं की, जिससे उसकी मौत हो गई. यदि पुलिस मामले में गंभीरता दिखाती तो युवक सही सलामत होता.

### बस कंडक्टर पर छेड़छाड़ का आरोप

**शुजालपुर, 19 जनवरी.** पचोर से शुजालपुर के मध्य चलने वाली एक निजी बस के कंडक्टर पर बस में सवार एक छात्रा ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया. जिसकी शिकायत पर पुलिस थाना मंडी में आरोपी कंडक्टर के विरूद्ध छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया. पुलिस के अनुसार पुरानी पचोर निवासी 19 वर्षीय छात्रा ने बताया कि वह बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा होकर पचोर में पढ़ती है और 19 जनवरी की सुबह पचोर से बस द्वारा मामा के यहां जेठड़ा जा रही थी. बस में भीड़ अधिक होने से बैठने के लिए जगह नहीं मिली, तो वह खड़ी थी और किराया दे दिया था. छात्रा ने पुलिस को बताया कि बस का कंडेक्टर बार-बार अंदर आ रहा था और बुरी नियत से टच कर रहा था, जब बस शुजालपुर कॉलेज चौराहे पर रूकी और सवारियां उतर गई, तब बस कंडक्टर ने बुरी नियत से छेड़छाड़ की, जिस पर मैंने चिल्लाचोट की, तो कंडक्टर वापस पीछे चला गया. बस कंडक्टर का नाम पीर खां पिता अब्दुल खां निवासी आवास कॉलोनी जीरापुर जिला राजगढ़ बताया गया, जिसके विरूद्ध मामला दर्ज किया गया.

### फल सब्जी मंडी में व्यापारियों ने शुरू की हड़ताल

**शुजालपुर, 19 जनवरी.** कृषि उपज मंडी द्वारा संचालित फल सब्जी मंडी में अब व्यापारियों ने अनिश्चित कालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी.

### मोहना में सम्पन्न हुआ विशाल हिंदू सम्मेलन

**नलखेड़ा, 19 जनवरी.** शाजापुर जिले के मोहना मंडल में रविवार को सकल हिंदू समाज द्वारा विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजित किया गया. हिंदू सम्मेलन के खंड संयोजक दिनेश कुमार कलमोदिया ने बताया कि सम्मेलन में हजारों की तादात में एक पंगत पर हिंदू समाजजन ने एक साथ सहभोज किया, जिसमें मुख्य रूप से मोहना, मांगलिया, भंवरासा, चौंसला, डूंगरी, इमलाखेड़ी, बनबोर रोलियाखेड़ी आदि गांवों से हिंदू समाज एकत्रित हुए. कार्यक्रम के पूर्व ग्राम मोहना में विशाल कलश यात्रा निकाली गई. कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम भारत मां के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई. इसके उपरांत अतिथियों का परिचय कर स्वागत गीत के उपरांत मंच पर आसीन संत सर्वेश्वर त्यागी, पंडित हरीश शर्मा कथावाचक, वर्षा पांडेय, दिलीप कलमोदिया, संघचालक सतीश पाटीदार, खंड संयोजक दिनेश कुमार कलमोदिया सहित समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे. इस दौरान हिंदू समाजजन को एक पंगत एक संगत की बात कही गई. इस दौरान मंच संचालन भगवान कलमोदिया ने किया. आभार संतोष पटेल ने माना. भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

## एक नजर में


### प्रथम दिन हजारों भक्तों ने किए माता रानी के दर्शन, हुए हवन-अनुष्ठान

# गुप्त नवरात्रि : मां बगलामुखी मंदिर में लगा आस्था का मेला

**नलखेड़ा, 19 जनवरी. विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में गुप्त नवरात्र के प्रथम दिन सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे. यहां भक्तों ने मां के दरबार में मत्था टेककर सुख-समृद्धि की कामना की. सुबह से लेकर रात तक दर्शन का दौर चलता रहा. वहीं मंत्रोच्चार के साथ हवन-अनुष्ठान भी हुए.**

गुप्त नवरात्रि के प्रथम दिन हजारों भक्त ने मां के दरबार में पहुंचे. जहा भक्तों ने कतार में लगकर माता रानी के दर्शन किए. सोमवार को यज्ञशाला में बड़ी संख्या में हवन-अनुष्ठान भी सम्पन्न हुए. प्रथम दिन





विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर प्रात: व संध्याकालीन आरती में कई भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. दोपहर बाद भक्तों की लंबी कतार लगना प्रारम्भ हो गई थी, लेकिन मन में श्रद्धा लिए भक्त माता के जयकारों के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ते रहे. पूरे दिन नगर सहित आसपास के कई स्थानों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला अनवरत जारी रहा. पूरे समय माता मंदिर पर मां पीतांबरा के दर्शन, पूजन के लिए भक्तों की आस्था का मेला लगा रहा. मंत्रोच्चार की मंगल ध्वनियों के बीच समूचे मंदिर परिसर में कई साधक, उपासकों द्वारा पूरे समय मंदिर क्षेत्र में मंत्रोच्चार, जाप, तप, हवन-अनुष्ठान का सिलसिला चलता चल रहा. हर कोई माता के जयकारे लगाते हुए शक्ति की भक्ति में लीन दिखाई दिया.

### गुप्त रूप से चल रहे हवन-अनुष्ठान...

तांत्रिक शक्तिपीठ इस मंदिर में हवन अनुष्ठान का विशेष महत्व माना जाता है, जिसके चलते सालभर यहां भक्त हवन अनुष्ठान करवाते हैं. गुप्त नवरात्र में माता की आराधना के साथ हवन अनुष्ठान का महत्व और अधिक माना जाता है. मां बगलामुखी के दरबार में मध्यप्रदेश के साथ ही छत्तीसगढ़ और राजस्थान के नेता लगातार दर्शन पूजन के लिए आते रहे हैं. अन्य राज्यों से भी नेता उनके स्वजन भी यहां आकर गुप्त रूप से हवन-पूजन अनुष्ठान कर रहे है. सोमवार को राज्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग नरेन्द्र शिवाजी पटेल व करणी सेना के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर अपने समर्थकों के साथ मां बगलामुखी के दरबार पहुंचे. जहा उन्होंने माता की विशेष पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया.